अतिमहत्वपूर्ण/शीर्षप्राथमिकता/समयबद्ध।

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय/अनुदानित/निजी क्षेत्र की संस्थाएं।

पत्रांकः प्राशिप/अनु0–6/परीक्षा फार्म/ 2024/916 लखनऊः दिनांकः– 13/05/2024

विषयः सम सेमेस्टर परीक्षा/वार्षिक परीक्षा/ओनली बैक पेपर परीक्षा जून–2024 के संबंध में परीक्षा फार्म भाराये जाने के संबंध में पोर्टल खोलने विषयक।

महोदय,

उपरोक्त विषयक अवगत कराना है कि परिषद की सम सेमेस्टर परीक्षा/वार्षिक परीक्षा/ओनली बैक पेपर परीक्षा, जून–2024, जून माह में दिनांक 22.06.2024 से 14.07.2024 के मध्य आयोजित होना सम्भावित है, जिसके दृष्टिगत सम सेमेस्टर/वार्षिक परीक्षा/ओलनी बैक पेपर परीक्षा जून–2024 के संबंध में परीक्षा फार्म भराये जाने हेतु दिनांक 13/05/2024 से 18/05/2024 तक आनलाइन पोर्टल खोला जा रहा है।

अतः निर्देशित किया जाता है कि अपनी संस्था में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के परीक्षा फार्म दिनांक 18/05/2024 तक प्रत्येक दशा में भराना सुनिश्चित करें, उक्त तिथि के उपरान्त किसी भी परिस्थिति में परीक्षा फार्म भरने हेतु परिषद द्वारा पोर्टल नहीं खोला जाएगा।

उक्त के अतिरिक्त यह भी अवगत कराना है कि वर्तमान में विषम सेमेस्टर/विशेष बैक पेपर परीक्षा दिसम्बर–2023 की लिखित उत्तरपुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन का कार्य समस्त राजकीय/अनुदानित क्षेत्र की संस्थाओं में प्रचलित है, जिस हेतु प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा पुनर्मूल्यांकन कार्य शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण कर दिनांक 15/05/2024 तक परीक्षाफल घोषित किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये हैं। जिसके अनुक्रम में निजी क्षेत्र की इंजी/फार्मेसी संस्थाओं से अपेक्षित सहयोग हेतु कार्यालय द्वारा प्रेषित पत्र संख्या प्राशिप/अनु0–3/पुनर्मूल्यांकन/2024/0857, दिनांक 09.05.2024 के माध्यम से अपनी संस्था में कार्यरत स्टाफ को पुनर्मूल्यांकन करने हेतु कार्यमुक्त करने हेतु अनुरोध किया गया है, किन्तु अधिकांशतः निजी संस्थाओं द्वारा उक्त के संबंध में अपना अपेक्षित सहयोग प्रदान नहीं किये जाने के दृष्टिगत निजी क्षेत्र की संस्थाओं का परीक्षा फार्म भरने हेतु पोर्टल तब तक नहीं खोला जाएगा जब तक संस्थाएं अपने स्टाफ को पुनर्मूल्यांकन कार्य हेतु कार्यमुक्त नहीं किया जाएगा, एवं पुनर्मूल्यांकन कार्य पूर्ण नहीं हो जाता।

भवदीय

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव।

पृ0सं0– प्राशिप/अनु0–6/परीक्षा फार्म/ 2024/917-20 तददिनांकः– 13/05/2024

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ को प्रमुख सचिव महोदय के अवलोकनार्थ सादर प्रेषित।
2. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, कानपुर।
3. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र/बुन्देलखण्ड क्षेत्र/मध्य क्षेत्र/पश्चिमी क्षेत्र, दौराला मेरठ को इस अनुरोध के साथ कि उक्त के संबंध में अपने क्षेत्रान्तर्गत संस्थाओं को प्राथमिकता के आधार पर निर्देशित करने का कष्ट करें।
4. कम्प्यूटर अनुभाग, प्रभारी, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्त के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव।